भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग/DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार/**SATISH DHAWAN SPACE CENTRE SHAR**
श्रीहरिकोटा/SRIHARIKOTA-524 124,
श्री पोट्टि श्रीरामुलु नेल्लूर जिला (आं.प्र.)SRI POTTI SRIRAMULU NELLORE, DIST.(A.P)

विज्ञापन सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार /भर्ती/02/2019 तिथि 23.11.2019
ADVERTISEMENT No. SDSC SHAR/RMT/02/2019
dated 23.11.2019

श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का एक अग्रणी केंद्र है। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार में ठोस नोदक उत्पादन, रॉकेट मोटर स्थैतिक परीक्षण सुविधा एवं विभिन्न प्रकार के रॉकेटों के लिए प्रमोचन कॉम्प्लेक्स, परिष्कृत रडार व प्रकाशिक अनुवर्तन प्रणालियों द्वारा रॉकेट अनुवर्तन तथा डाटा अधिग्रहण व संसाधन सुविधा एवं सुप्रचालन सहित अन्य सहायक सेवाओं की सुविधाएं मौजूद हैI/Satish Dhawan Space Centre SHAR (SDSC SHAR) is a lead Centre of Indian Space Research Organization(ISRO) situated at Sriharikota in Andhra Pradesh. Satish Dhawan Space Centre SHAR has facilities of Solid Propellant Production, a Rocket Motor Static Test Facility and Launch Complexes for launching variety of rockets, rocket tracking through sophisticated radar and optical tracking systems and real time data acquisition and processing facilities and other support services including logistics.

सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार तकनीकी सहायक / वैज्ञानिक सहायक / पुस्तकालय सहायक'ए' केपदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। / SATISH DHAWAN SPACE CENTRE SHAR (SDSC SHAR) invites applications for the posts of Technical Assistant/Scientific Assistant/Library Assistant 'A' in the following disciplines through online:

| पद का नाम: तकनीकी सहायक- स्तर 7 (**₹44,900-₹1,42,400**)<br>**Name of the post : Technical Assistant-Level 7** (**₹44,900-₹1,42,400**) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पद कोड<br>Post Code | अध्ययन का विषय<br>Discipline | पदों की संख्या<br>No. of Vacancies | आरक्षण विवरण<br>Reservation Details | | | | | अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualification |
| | | | अना.<br>UR | अ.पि.व.<br>OBC | अनु.जा.<br>SC | अनु.ज.जा.<br>ST | आ.नि.व.<br>EWS | |
| 15. | आटोमॉबिल इंजीनियरिंग<br>Automobile Engineering | 01 | 01 | - | - | - | - | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से आटोमॉबिल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी डिप्लोमा<br>First Class Diploma in Automobile Engineering from a recognized University/ Institution. |
| 16. | रसायन इंजीनियरिंग<br>Chemical Engineering | 04 | 03 | 01 | - | - | - | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से रसायन इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी डिप्लोमा<br>First Class Diploma in Chemical Engineering from a recognized University/ Institution. |

| पद का नाम: तकनीकी सहायक- स्तर 7 (₹44,900-₹1,42,400)<br>**Name of the post : Technical Assistant-Level 7** (**₹44,900-₹1,42,400**) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पद कोड<br>Post Code | अध्ययन का विषय<br>Discipline | पदों की संख्या<br>No. of Vacancies | आरक्षण विवरण<br>Reservation Details | | | | | अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualification |
| | | | अना.<br>UR | अ.पि.व.<br>OBC | अनु.जा.<br>SC | अनु.ज.जा.<br>ST | आ.नि.व.<br>EWS | |
| 17. | सिविल इंजीनियरिंग<br>Civil Engineering | 04 | 01 | - | 01 | 01 | 01 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी डिप्लोमा<br>First Class Diploma in Civil Engineering from a recognized University/ Institution. |
| 18. | कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग<br>Computer Science and Engineering | 03 | 01 | 01 | - | - | 01 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी डिप्लोमा<br>First Class Diploma in Computer Science and Engineering from a recognized University/ Institution. |
| 19. | इलेक्ट्रीकल एवं इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग<br>Electrical and Electronics Engineering | 05 | 02 | 01 | 01 | - | 01 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलैक्ट्रीकल एवं इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा<br>First Class Diploma in Electrical and Electronics Engineering from a recognized University/ Institution. |
| 20. | इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग<br>Electronics and Communication Engineering | 05 | 02 | 01 | 01 | 01 | - | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा<br>First Class Diploma in Electronics and Communication Engineering from a recognized University/ Institution. |
| | | | उपर्युक्त में से एक (01) पद चिन्हित दिव्यांगता वाले व्यक्ति- श्र.नि. हेतु है।<br>Out of the above, one (01) post is identified for PWBD-HI. | | | | | |

<table>
<tr><td colspan="9">पद का नाम: तकनीकी सहायक- स्तर 7 (₹44,900-₹1,42,400)<br>Name of the post : Technical Assistant-Level 7 (₹4,900-₹1,42,400)</td></tr>
<tr><td rowspan="2">पद कोड<br>Post Code</td><td rowspan="2">अध्ययन का विषय<br>Discipline</td><td rowspan="2">पदों की संख्या<br>No. of Vacancies</td><td colspan="5">आरक्षण विवरण<br>Reservation Details</td><td rowspan="2">अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualification</td></tr>
<tr><td>अना.<br>UR</td><td>अ.पि.व.<br>OBC</td><td>अनु.जा.<br>SC</td><td>अनु.ज.जा.<br>ST</td><td>आ.नि.व.<br>EWS</td></tr>
<tr><td>21.</td><td>इलैक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण इंजीनियरिंग<br>Electronics and Instrumentation Engineering</td><td>02</td><td>-</td><td>01</td><td>01</td><td>-</td><td>-</td><td>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलैक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा<br>First Class Diploma in Electronics and Instrumentation Engineering from a recognized University/ Institution.</td></tr>
<tr><td rowspan="2">22.</td><td rowspan="2">यांत्रिक इंजीनियरिंग<br>Mechanical Engineering</td><td rowspan="2">16</td><td>07</td><td>05</td><td>02</td><td>01</td><td>01</td><td rowspan="2">मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से यांत्रिक इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा<br>First Class Diploma in Mechanical Engineering from a recognized University/ Institution.</td></tr>
<tr><td colspan="5">उपर्युक्त में से एक (01) पद चिन्हित दिव्यांगता वाले व्यक्ति- ग.नि./म.प. हेतु है।<br>Out of the above, one (01) post is identified for PWBD-LD/CP.</td></tr>
<tr><td>23.</td><td>बॉयलर प्रचलनो में प्रमाणीकरण के साथ यांत्रिक इंजीनियरिंग (तैनाती का स्थान:नोदक परिसर रसायनी सुविधा, जिला- रायगढ, महाराष्ट्र)<br>Mechanical Engineering with certification in Boiler Operations (Place of Posting: Propellant Complex Rasayani Facility, Raigad District, Maharashtra)</td><td>01</td><td>-</td><td>01</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से बॉयलर प्रचलनो में प्रमाणीकरण के साथ यांत्रिक इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणीमें डिप्लोमा<br>First Class Diploma in Mechanical Engineering with Certification in Boiler operations from a recognized University/ Institution.</td></tr>
</table>

| पद का नामः वैज्ञानिक सहायक- स्तर 7 (**₹44,900-₹1,42,400**)<br>**Name of the post : Scientific Assistant-Level 7** (**₹44,900-₹1,42,400**) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पद कोड Post Code | अध्ययन का विषय Discipline | पदों की संख्या No. of Vacancies | आरक्षण विवरण Reservation Details | | | | | अनिवार्य अर्हताएं Essential Qualification |
| | | | अना. UR | अ.पि.व. OBC | अनु.जा. SC | अनु.ज.जा. ST | आ.नि.व. EWS | |
| 24. | ललित कलाएं (फोटोग्राफी) Fine Arts (Photography) | 01 | 01 | - | - | - | - | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से प्रथम श्रेणी में ललित कला स्नातक (फोटोग्राफी) (अवधि तीन वर्ष)<br>First Class in Bachelor of Fine Arts (Photography) (Three years duration) from a recognized University/Institution. |
| 25. | एमपीसी (भौतिकी) MPC (Physics) | 01 | - | - | 01 | - | - | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान सेभौतिकी मुख्य तथा गणित एवं रसायन अनुषंगी विषय के साथ प्रथम श्रेणी में बी.एससी(एमपीसी)<br>First Class B.Sc. (MPC) with Physics as main and Mathematics & Chemistry as ancillary subjects from a recognized University/ Institution. |
| 26. | कम्प्यूटर साइंस Computer Science | 01 | - | - | - | 01 | - | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान सेकम्प्यूटर साइंस विषय से प्रथम श्रेणी में बी.एससी<br>First Class B.Sc. with Computer Science as main subject from a recognized University/Institution. |
| पद का नामः पुस्तकालय सहायक- स्तर 7 (**₹44,900-₹1,42,400**)<br>**Name of the post : Library Assistant 'A' -Level 7** (**₹44,900-₹1,42,400**) | | | | | | | | |
| 27. | पुस्तकालय सहायक 'ए' Library Assistant 'A' | 01 | 01 | - | - | - | - | 1. प्रथम श्रेणी में स्नातक<br>Graduation in First Class<br>2.पुस्तकालय विज्ञान/पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान या समकक्ष में प्रथम श्रेणी में स्नात्कोत्तर<br>First Class Master's Degree in Library Science/ Library & Information Science or equivalent. |
| अना-अनारक्षित, अ.पि.व.- अन्य पिछडा वर्ग, अनु.जा.- अनुसूचित जाति, अनु.ज.जा.-अनुसूचित जनजाति, आ.नि.व.-आर्थिक रूप से निर्बल वर्ग, चि.दि.व्य.-चिन्हित दिव्यांगता वाले व्यक्ति<br>UR-Unreserved, OBC-Other Backward Classes, SC-Scheduled Caste, ST-Scheduled Tribe, EWS-Economically Weaker Sections, PWBD-Persons with Benchmark Disabilities | | | | | | | | |

**<u>नोट</u> :1. पद सं. 23 हेतु तैनाती स्थल नोदक परिसर, रासायनी सुविधा, जिला - रायगढ़, महाराष्ट्र है। हालांकि, आवश्कता पड़ने पर कर्मचारियों को भारत में स्थित किसी भी केंद्र / भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की इकाई / अंतरिक्ष विभाग में तैनात किया जा सकता है।**

**2. सरकार ऐसा कार्यबल तैयार करने का प्रयास कर रही है जो स्त्री पुरूष की समता को दर्शाता हो और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

**<u>NOTE</u>: 1. Place of posting for post No. 23 is at Propellant Complex Rasayani Facility, Raigad District- Maharashtra. However, employees are likely to be posted in any of the Centres/Units of the Indian Space Research organization/Department of Space situated in India as and when required.**

**2. Government strives to have a workforce which reflects gender balance and Women candidates are encouraged to apply.**

**<u>सामान्य शर्तें / अनुदेश: General Conditions/Instructions:</u>**

1. विज्ञापन में दिए गए अर्हता मानदंडों एवं सभी आवश्यकताओं को पूरा करना आवेदक की जिम्मेदारी है। अत: आवेदकों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले पूरे विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। The responsibility to ensure the fulfillment of eligibility criteria and requirements detailed in this Advertisement rests with the applicant. Applicants are therefore advised to carefully read the full advertisement before proceeding for online application.

2. पद अस्थाई हैं, किंतु उनके जारी रहने की संभावना है। The posts are temporary, but likely to continue.

3. जो अभ्यर्थी दोनों पदों हेतु आवेदन करना चाहते हैं उन्हें प्रत्येक पद हेतु अलग से आवेदन करना होगा।/
**Those intending to apply for more than one post should apply separately for each post.**

4. <u>वेतन एवं भत्ते तथा आयु सीमा / Pay & Allowances and Age limit</u>:

| पद का नाम<br>**Name of the post** | वेतन मैट्रिक्स में स्तर<br>**Level in Pay Matrix** | आज की तिथि में वेतन के न्यूनतम स्तर पर अनुमानित कुल परिलब्धियाँ<br>**Approximate gross emoluments at the minimum of the pay level as on date** | आयु सीमा<br>**(13.12.2019को)**<br>**Age Limit(as on 13.12.2019)** |
|---|---|---|---|
| तकनीकी सहायक / Technical Assistant | स्तर Level 7<br>(₹44,900 - ₹1,42,400) | ₹52,533/- प्रति माह pm | 18-35 वर्ष Years |
| वैज्ञानिक सहायक / Scientific Assistant | | | |
| पुस्तकालय सहायक'ए'/ Library Assistant 'A' | | | |

कर्मचारियों के लिए नवीन परिभाषित अंशदान पेंशन योजना लागू होगी। इसरो अपने कर्मचारियों को आकर्षक सुविधाएं प्रदान करता है जैसे स्वयं एवं आश्रितों हेतु चिकित्सा सुविधाएं; सहायता-प्राप्त कैंटीन; मुफ्त परिवहन (यात्रा भत्ता के एवज में); आवास सुविधा (एचआरए के एवज में); अवकाश यात्रा रियायत; सामूहिक बीमा, कार्य-निष्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना, बच्चों के लिए केंद्रीय विद्यालय इत्यादि।

The employees will be governed by the New Defined Contribution Pension Scheme. ISRO provides attractive benefits to its employees such as medical facilities for self and dependants, subsidized canteen, free transport (in lieu of transport allowance), housing facility (in lieu of HRA), House Building Advance, Leave Travel Concession, Group Insurance, Performance Related Incentive Scheme, Central School for children etc.,

5. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को इन वर्गों हेतु आरक्षित पदों हेतु ऊपरी आयु सीमा में क्रमश: 05 एवं 03 वर्षों की छूट है। भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.), मानक निशक्तता वाले जन (मा.नि.ज.), केंद्र सरकार के कर्मचारी, विधवाएं, तलाक-शुदा महिलाएं एवं अपने पतियों से न्यायिक रूप से पृथक हुई महिलाएं, एवं जिन्होंने पुन: विवाह नहीं किया है तथा सराहनीय खिलाडी भारत सरकार के आदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट हेतु पात्र हैं।/ Relaxation in upper age limit by 05 years for SC/ST candidates and 03 years for OBC candidates **against the posts reserved for these categories**. Ex-Servicemen (ESMs), Persons With Benchmark Disabilities (PWBDs), Central Govt. servants and Meritorious Sportspersons are eligible for upper age relaxation as per Government of India Orders.

6. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति/ अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा के समय भारत सरकार के अधीन नौकरियों में आरक्षण हेतु लागू निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपियाँ जमा करनी होंगी (प्रपत्र की प्रतिलिपि अनुसंलग्नक-I पर संलग्न है)/ Candidates belonging to SC/ST/OBC have to submit attested copies of Caste Certificates issued by the Competent Authority in the prescribed format applicable for reservation in jobs under Government of India, at the time of Written Test/Skill Test. (Copy of Proforma enclosed as **Annexure-I**)

   अ.पि.व. के अभ्यर्थियों के संबंध में,'क्रीमी लेयर' में न आने वाले अभ्यर्थी ही आरक्षण के पात्र होंगे एवं लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा के समय भारत सरकार के अधीन नौकरियों में आरक्षण हेतु लागू निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम अ.पि.व. (गैर-क्रीमी लेयर) प्रमाण-पत्र जमा करना होगा। अ.पि.व. प्रमाण-पत्र में "क्रीमी लेयर से अपवर्जन" संबंधी खंड विनिर्दिष्ट रूप से समाहित होना चाहिए तथा अनुरूप प्रासंगिक समय पर अर्थात उपर्युक्त पदों हेतु आवेदन करते समय अद्यतित/वैध होना चाहिए। अं.पि.व. अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से अ.पि.व. प्रमाण-पत्र जिसमें "क्रीमी लेयर से अपवर्जन" संबंधी खंड विनिर्दिष्ट रूप से समाहित हो लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा के समय अं.पि.व. हेतु आरक्षित पदों के लिए विचार करने हेतु वैध एवं अद्यतित अ.पि.व. प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।/ In respect of OBC candidates, reservation will be available only to candidates, who do not fall in the Creamy Layer and have to submit latest OBC (non-creamy layer) certificate issued by the Competent Authority in the prescribed format applicable for reservation in jobs under Government of India at the time of Written Test/Skill Test. OBC certificate must specifically include the clause regarding "Exclusion from Creamy Layer" and should be updated/valid at the relevant point of time i.e. at the time of submission of on-line application for the above posts. OBC candidates, must therefore, furnish valid and updated OBC certificate which should specifically include the clause regarding "Exclusion from Creamy Layer" in order to be considered against the posts reserved for OBC at the time of Written Test/Skill Test.

7. <u>आर्थिक रूप से निर्बल वर्गों हेतु आरक्षण (आ.नि.व)</u> **<u>Reservation for Economically Weaker Sections (EWSs)</u>**:

7.1 जो व्यक्ति अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जाति यों तथा अन्य पिछड़े वर्गों हेतु आरक्षण योजना के अंतर्गत नहीं आते तथा जिनके परिवारकी सकल वार्षिक आय ₹8 लाख (आठ लाख रुपये मात्र) से कम है, को आर्थिक निर्बल वर्ग हेतु आरक्षण के लाभ के लिए चुना जायेगा। आय में आवेदन वर्ष के पिछले वर्ष की सभी स्त्रोतों से हुई आय जैसे वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशा इत्यादि,शामिल होनी चाहिए। ऐसे व्यक्ति जिनके परिवार निम्नलिखित किसी भी परिसम्पत्ति के स्वामी या अधिकारी हैं, को आर्थिक निर्बल वर्ग के रूप में नहीं चुना जायेगा चाहे उनकी पारिवारिक आय कुछ भी हो।

Persons who are not covered under the scheme of reservation for SCs, STs and OBCs and whose family has gross annual income below ₹8.00 lakh ( Rupees Eight lakh only) are to be identified as EWSs for benefit of reservation. Income shall also include income from all sources i.e. salary, agriculture, business, profession, etc. for the financial year prior to the year of application. Also persons whose family owns or possesses any of the following assets shall be excluded from being identified as EWS, irrespective of the family income:-

I. 5 एकड़ या उससे अधिक कृषि योग्य भूमि 5 acres of agricultural land and above;
II. 1000 वर्ग फीट या उससे अधिक का रिहायशी प्लॉट Residential plot of 1000 sq.ft. and above;
III. अधिसूचित नगरपालिकाओं में 100 वर्ग गज या उससे अधिक का रिहायशी प्लॉट Residential plot of 100 sq. yards and above in notified municipalities;
IV. अधिसूचित नगर पालिकाओं के अलावा अन्य क्षेत्रों में 200 वर्ग गज या उससे अधिक का रिहायशी प्लॉट Residential plot of 200 sq. yards and above in areas other than the notified municipalities.

7.2 आर्थिक निर्बल वर्ग की स्थिति तय करने के लिए भूमि या सम्पत्ति स्वामित्व जाँच करते समय परिवार की विभिन्न स्थलों या विभिन्न स्थानों / शहरों में स्थित सम्पत्ति को जोड़ा जायेगा। The property held by a "Family" in different locations or different places/cities would be clubbed while applying the land or property holding test to determine EWS status.

7.3 इस उद्देश्य के लिए परिवार में,वह व्यक्ति जो आरक्षण का लाभ चाहता है, उसके माता पिता,18 वर्ष से कम आयु के सहोदर एवं उसके / उसकी पति / पत्नी और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे शामिल हैं। The term "family" for this purpose will include the person who seeks benefit of reservation, his/her parents and siblings below the age of 18 years as also his/her spouse and children below the age of 18 years.

7.4 <u>आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र जारी करने वाला प्राधिकारी तथा प्रमाण पत्र का सत्यापन/ Income and Asset certificate issuing Authority and verification of certificate</u>:

सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर आर्थिक निर्बल वर्ग के अंतर्गत आरक्षण का लाभ लिया जा सकता है। उम्मीदवार के आर्थिक निर्बल वर्ग से संबद्ध होने के दावे के साक्ष्य के रूप में अनुसंलग्नक-I। पर दिये गए निर्धारित प्रपत्र में निम्न लिखित किसी एक प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। The benefit of reservation under EWS can be availed upon production of an income and Asset Certificate issued by a Competent Authority. The income and Asset Certificate issued by any one of the following authorities in the prescribed format as given in **Annexure-II** shall only be accepted as proof of candidates claim as belonging to EWS:-

I. दंडाधिकारी / अपर दंडाधिकारी / जिलाधीश / उपायुक्त / अपर उपायुक्त / प्रथम श्रेणी वैतनिक दंडाधिकारी / उप-प्रखंड दंडाधिकारी / तालुक दंडाधिकारी / /कार्यकारी दंडाधिकारी / अतिरिक्त सहायक आयुक्त/ District Magistrate/Additional District Magistrate/Collector/Deputy Commissioner/Additional Deputy Commissioner/1st Class Stipendiary Magistrate/Sub-Divisional Magistrate/Taluka Magistrate/Executive Magistrate/Extra Assistant Commissioner
II. मुख्य मंडल दंडाधिकारी / अपर मुख्य मंडल दंडाधिकारी / मंडल दंडाधिकारी/ Chief Presidency Magistrate/Additional Chief Presidency Magistrate/Presidency Magistrate
III. राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार के पद से नीचे न हो/ Revenue Officer not below the rank of Tehsildar और and
IV. उस क्षेत्र का उप-मंडल अधिकारी जहाँ उम्मीदवार और / या उसका परिवार सामान्यत: निवास करता है।Sub-Divisional Officer of the area where the candidate and/or his family normally resides.

7.5 प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी संबंधित राज्य / केंद्र शासित प्रदेश द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए सभी सुसंगत/उचित दस्तावेजों का ध्यानपूर्वक सत्यापन करने के पश्चात इसे जारी करेंगे। The Officer who issues the certificate would do the same after carefully verifying all relevant documents following due process as prescribed by the respective State/UT.

7.6 आवश्यकता होने पर उम्मीदवार को कभी भी आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना / देना होगा।Candidates will have to produce income and asset certificate as and when required

8. निःशक्त जन हेतु आरक्षित पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा कौशल परीक्षा के समय अनुसंलग्नक- III पर दिये गए निर्धारित प्रपत्र में केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित कम-से-कम तीन सदस्यी चिकित्सा बोर्ड, जिसका एक सदस्य विशिष्ट क्षेत्र के नि:शक्तता मूल्यांकन का विशेषज्ञ होना चाहिए, द्वारा जारी नि:शक्तता का प्रतिशत दर्शाता हुआ नि:शक्तता प्रमाणपत्र जमा करना होगा। नि:शक्तता की परिभाषा नि:शक्तता से ग्रसित व्यक्ति अधिकार अधिनियम, 2016 की अनुसूची में विनि दिंष्ट के अनुसार है:

Candidates applying for the post reserved for PWBD have to submit an attested copy of Disability Certificate in the prescribed format as given in Annexure-III at the time of Written Test/ Skill Test, clearly indicating the percentage of disability, issued by Medical Board consisting of at least three (03) members out of which one shall be a specialist in the particular field for assessing disability, duly constituted by Central or a State Government. The definition of Disabilities are as specified in the schedule of the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016.

**आरक्षण हेतु नि:शक्तता की सीमा**: केवल ऐसे व्यक्ति जिनकी सुसंगत अ:शक्तता 40% से कम न हो सेवा / पद के लिए आरक्षण के पात्र होंगे।

**DEGREE OF DISABILITY FOR RESERVATION**: Only such persons would be eligible for reservation in Services/Posts who suffer from not less than 40% of relevant disability.

आवेदन फीस का भुगतान/**Payment of Application Fee:**

प्रत्येक आवेदन हेतु ₹100/- (एक सौ रूपए मात्र) की गैर-प्रतिदेय आवेदन शुल्क होगा। डेबिट कार्ड/इंटर्नेट बैंकिंग के जरिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान किया जाए। भुगतान ट्रान्जैक्शन के असफल होने या अन्य किसी कारण से अंतिम तिथि/समय के अंदर, यदि अभ्यर्थी आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं कर पाते हैं, तो इस स्थिति में ऑनलाइन भर्ती पोर्टल में उपलब्ध विकल्प "भुगतान करें" पर क्लिक कर के ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण बंद होने के अगले दिन (अर्थात- 14.12.2019 को 1700 बजे से पहले) तक अभ्यर्थी शुल्क का भुगतान कर सकता/सकती है। भुगतान का कोई और अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा किसी भी परिस्थिति में शुल्क प्रतिदेय नहीं होगा। (ऑनलाइन भुगतान करते समय अभ्यर्थी ध्यान रखें कि विलंबित भुगतानो या असफल भुगतानो हेतु सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र जिम्मेदार नहीं होगा।)/There will be a non-refundable Application Fee of ₹**100/- (Rupees One Hundred only)** for each application. Fee may be paid online through Debit Card/Internet Banking. If the candidate could not make the payment of application fee due to transaction failure or otherwise within the due date/time, he/she can pay the fee upto the next day of closure of on-line application registration (i.e., 1700 Hrs on 14.12.2019) by clicking 'Make payment' option available in the on-line recruitment portal. No other mode of payment will be acceptable and the fee will not be refundable under any circumstances. (Candidates making online payment may kindly note that SDSC SHAR shall not be responsible for pending transactions or transaction failures)

सभी महिलाओं/अनुसूचित जाति (अ.जा.)/ अनुसूचित जन जाति (अ.ज.जा.) / भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.) एवं मानक निशक्तता जन (मा.नि.ज.अ.) अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान में छूट दी जाती है। परंतु, ऑनलाइन आवेदन के बाद, अभ्यर्थियों कों वैयक्तिक पंजीकरण पुष्टि फॉर्म का डाउनलोड एवं प्रिंट करना होगा जिसमें भविष्य में संदर्भ हेतु अभ्यर्थी का नाम, पंजीकरण संख्या, विज्ञापन संख्या तथा पद कोड लिखा होगा।कृपया ध्यान दें, गैर-छूट वर्ग वाले अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं करने की स्थिति में उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।/**All Women/Scheduled Caste(SC)/ Scheduled Tribe(ST)/ Ex-Servicemen (ESM) and Persons with Benchmark Disabilities (PWBD) candidates are exempted from payment of Application Fee. However, after registration of application online, the candidates have to download and print the personalized registration confirmation form which will contain the name of the candidate, Registration No., Advertisement No. and Post Code for future reference. Please note that the applications of non-exempted categories without Application Fee will not be considered**

9. अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करना आवश्यक है जिसके बिना उनके आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे/ Candidates are required to upload the scanned copy of the following documents without which their application will not be accepted.

i) फोटो- जेपीजी प्रारूप में/Photograph- in.jpg format

ii) हस्ताक्षर- जेपीजी प्रारूप में/ Signature- in.jpg format

iii) एसएसएलसी/एसएससी के प्रमाणपत्र- पीडीएफ फॉर्मेट में/SSLC / SSC Certificate- in.pdf format

iv)इंजीनियरिंग / ललित कला स्नातक / विज्ञान कला स्नातक / स्नातक / पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में परास्नातक का मूल/ प्रोविजिनल डिप्लोमा/ Original/Provisional certificate of Diploma in Engineering/Bachelor of Fine Arts/ Bachelor of Science/Graduation/ Post Graduation in Library Science/ Library & Information Science

v) पीडीएफ फॉर्मेट में आवेदित पद हेतु निर्दिष्ट आवश्यक योग्यताओं की संयुक्त अंक तालिकाऐं अपलोड की जाऐं। यदि राज्य बोर्ड / विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा संयुक्त अंक तालिका जारी नहीं की गई हो तो ऐसी दशा में वर्ष / सेमेस्टर से अनुसार अंक तालिकाऐं अपलोड की जाऐं। Consolidated marks sheet in respect of essential qualification prescribed for the post applied for in PDF format. In case consolidated mark sheet is not issued by State Board/University/Institution,Year/Semester wise mark sheets may be uploaded.

vi) जाति- प्रमाण पत्र/Caste Certificate

vii) मानक निशक्त जन हेतु निशक्तता प्रमाणपत्र/ Disability Certificate for PWBD candidates

viii) भूतपर्व सैनिकों हेतु डिस्चार्ज सर्टिफिकेट/ Discharge Certificate for Ex-Servicemen

ix) आर्थिक रूप से निर्बल वर्गों (आ.नि.व.)हेतु आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र Income and Asset Certificate for Economically Weaker Sections (EWSs)

(ऑनलाइन आवेदन करते समय उपर्युक्त दस्तावेजों को अपलोड करने हेतु तैयार रखें/While filling up on-line application, it is advisable to keep the above documents readily available to upload the same).

**नोट:**1) आवश्यक दस्तावेज अपलोड न कर पाने कि स्थिति में ऑनलाइन आवेदन अमान्य माना जाएगा।
2) अपलोडड दस्तावेज कौशल परीक्षा के दौरान सत्यापित किए जाएंगे तथा लिखित परीक्षा हेतु दी गई अनुमति चयन की पात्रता प्रदान नहीं करती।

**Note:**1) Submission of on-line application without uploading the requisite documents will be treated as invalid application.

2) The documents uploaded will be verified during Skill Test and mere admission to appear for written examination will not bestow eligibility for selection.

10. **चयन प्रक्रिया: चयन का माध्यम लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा होगा।** निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है तथा केवल यह ही अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए अर्ह नहीं बनाता है। ऑन-लाइन आवेदन पत्र में उल्लिखित अन्य मापदंडों तथा शैक्षणिक योग्यता के आधार पर एक पहली स्क्रिनिंग की जाएगी तथा केवल चयनित अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा इस प्रकार आयोजित की जाएगी जिसमें निर्दिष्ट पाठयक्रम में उम्मीदवार के गहन सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक ज्ञान की परीक्षा ली जा सके।अधिसूचित की गई रिक्तियों के अनुसार, लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर, कौशल परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

**Selection Process: The mode of Selection will be Written Test and Skill test.** The qualification prescribed is the MINIMUM requirement and possession of the same does not automatically make the candidates eligible to be called for Written Test. There will be an initial screening, based on the academic performance and other parameters given in the on-line application and only those screened-in candidates will be called for Written Test. The Written Test will be conducted in such a way that theoretical and practical knowledge of the candidate is tested covering both breadth and depth of the prescribed curriculum. Based on the performance in the Written Test, candidates will be shortlisted for Skill Test, depending on the number of vacancies notified.

कौशल परीक्षा पूर्णत: उत्तीर्ण-अनुत्तीर्ण आधारित होगी तथा कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों को चयन हेतु मान्य नहीं माना जाएगा। पात्रता हेतु 60% अंको के साथ कौशल परीक्षा का मूल्यांकन 100 अंको पर किया जाएगा। पात्रता हेतु 60% न्यूनतम अंको के साथ 100 अंक स्केल पर कौशल परीक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा। अंतिम चयन पूर्णता लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर कौशल परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों में से किया जाएगा। 60% अंको के साथ, कौशल परीक्षा में पास अभ्यर्थियों में से, अधिसूचित की गई रिक्तियों की संख्या के आधार पर लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको के क्रम के आधार पर पेनल बनाया जाएगा। यदि अं.पि.व. हेतु आरक्षित रिक्तियों को भरने हेतु पर्याप्त संख्या में अं.पि.व. के अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं तो रिक्तियों को भरने हेतु छूट की सीमा बढा दी जाएगी।

Skill Test will be purely go-no-go basis and marks obtained in the Skill Test shall not be considered for selection. The Skill Test shall be evaluated on 100 points scale with minimum of 60% for qualification. The final selection will be done amongst qualified candidates, purely on the marks obtained in the Written Test. From amongst the candidates who qualify in the Skill Test, with minimum 60% marks, empanelment shall be done in the order of marks obtained in the Written Test, subject to number of vacancies notified. In case, of a tie in the Written Test scores, the academic scores of the notified qualification will be tie-breaker. If sufficient number of SC/ST/OBC/PWBD candidates are not available for filling-up the vacancies reserved for these categories, relaxation will be extended to candidates belonging to the respective category, to make good the short-fall.

11. ऑनलाइन जमा किए गए आवेदनों में दी गई जानकारी के साक्ष्य मांगे जाने पर अभ्यर्थियों को प्रस्तुत करने होंगे।/ Candidates will have to produce proof of the details furnished in their applications submitted on-line as and when called for.

12. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को सूचना अभ्यर्थी की पंजीकृत ई-मेल पर भेज दी जाएगी। अभ्यर्थी हमारी वेबसाइट **https://www.shar.gov.in** या **https://apps.shar.gov.in** पर भी अपनी पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि स्पष्ट रूप से भर कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।/ **Intimations to the eligible candidates for the Written Test/Skill Test will be sent to registered e-mail of the candidate. For this purpose, candidates are required to furnish their e-mail ID CORRECTLY and COMPULSORILY. They can also download the call letters from our website https://www.shar.gov.in (or) https://apps.shar.gov.in by clearly mentioning their Registration Number and Date of birth.**

13. यात्रा भत्ता/ **Travelling Allowance:** यात्रा का साक्ष्य जैसे रेल टिकट संख्या/ पीएनआर संख्या या बस टिकट आदि प्रस्तुत करने पर कौशल परीक्षा हेतु केंद्र के बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को वेब आवेदन में दिए गए पते से कौशल परीक्षा स्थल तक सबसे छोटे रूट द्वारा आने-जाने का रेल में द्वितीय श्रेणी का किराया या सामान्य बस किराया, जो भी कम हो, प्रदान किया जाएगा।/ लिखित परीक्षा में उपस्थित होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।/ No Travelling Allowance will be paid for attending the Written Test. However, Outstation candidates called for Skill Test will be paid to and fro Second Class Railway Fare by the shortest route from the address given in the web application to the place of Skill Test or normal bus fare, whichever is less, on production of proof of journey such as the Railway Ticket Number(s)/PNR Number(s) or Bus Ticket(s) etc.

14. लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा के समय, अभ्यर्थियों को ऑनलाइन जमा किए गए आवेदन में दिए गए विवरण के साक्ष्य के रूप में सभी संबंधित मूल दस्तावेज, **अनापत्ति प्रमाण-पत्र** सहित, नियोजित होने पर, प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाइन आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी असत्य या गलत पाए जाने पर, अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।
Candidates called for Skill Test will have to produce all the relevant original documents including **No Objection Certificate**, if employed already, in proof of the details furnished in their applications submitted on-line, at the time of Skill Test. If any information furnished in on-line application is found to be wrong or false, the candidate will not be allowed for Skill Test and Travelling Allowance will not be paid.

15. उपर्युक्त पदों हेतु आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, अनापत्ति प्रमाण-पत्र आदि **ऑनलाईन माध्यम द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि, जोकि 13.12.2019 है,को धारित/ जारी होनी चाहिए।/** The Educational Qualifications, No Objection Certificate etc. which are required for the above posts **should be possessed/ issued as on the last date of receipt of applications through online i.e on 13.12.2019**.

16. वर्तमान में तैनाती स्थल सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार, श्रीहरिकोटा है।पद सं. 23 हेतु तैनाती स्थल नोदक परिसर, रासायनी सुविधा,जिला–रायगढ़, महाराष्ट्र है। हालांकि, आवश्कता पड़ने पर कर्मचारियों को भारत में स्थित किसी भी केंद्र / भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की इकाई / अंतरिक्ष विभाग में तैनात किया जा सकताहै।
At present place of posting is SDSC SHAR, Sriharikota. For Post No.23, the place of posting is Propellant Complex Rasayani - Raigad District, Maharastra. However, selected candidates are liable to be posted in any of the Centres/Units of the Indian Space Research Organization/Department of Space situated in India as and when required.

17. उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से शिफ्ट ड्यूटी और सामान्य ड्यूटी करने की अपेक्षा की जाती है। **Candidates applying to the above posts are expected to attend general duties including shift duties.**

18. सभी पद वैज्ञानिक एवं तकनीकी श्रेणी के पद हैं। वैज्ञानिक एवं तकनीकी पदों के संबंध में, संगठन के पास एक प्रगामी एचआरडी नीति है तथा पदोन्नति के लिए सामयिकी प्राविण्यता आधारित कार्य-निष्पादन समीक्षा प्रणाली (जिसे प्राविण्य पदोन्नति योजना कहा जाता है) के माध्यम से उचित व्यक्ति को उत्तम वृद्धि सम्भावना प्रदान करता है, जो उच्च पद में रिक्ति की उपलब्धता से विश्रृंखल्त है, जिसके द्वारा संगठन में करियर में वृद्धि हेतु स्टाफ का मूल्यांकन किया जा सके।/

The posts fall under Scientific & Technical category. In respect of Scientific & Technical posts, the Organization has a progressive HRD policy and provides an excellent growth potential for the right individual through its periodical Merit Based Performance Review system (called Merit Promotion Scheme) delinked from availability of higher post, by which the staff can be evaluated for the advancement of their career in the Organization.

19. आवेदन करते समय अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे पात्रता मापदंड एवं अन्य आवश्यकताओं को पूरा करते है तथा उनके द्वारा दिया गया विवरण सभी तरह से सही है। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंड को पूरा नही करता है और/या अन्य आवश्यकताओं का पालन नही करता है और/या असत्य/ गलत जानकारी दी है या कोई व्यवहारिक तथ्य (यों) को छुपाया है, तो उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।/ The candidates should ensure while applying that they fulfill the eligibility criteria and other requirements and that the particulars furnished by them are correct in all respects. In case it is detected at any stage of recruitment process that the candidate does not fulfill the eligibility criteria and/or does not comply with other requirements and/or he/she has furnished any incorrect/false information or has suppressed any material fact(s), his/her candidature is liable to be rejected.

20. अभ्यर्थी जिन्होंने राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के अंतर्गत पंजीकरण किया है तथा पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं वे एसडीएससी शार वेबसाइट को देखें एवं निर्धारित आवेदन प्रक्रिया का पालन करें।/The Candidates registered under National Career Services (NCS) portal and fulfilling the eligibility conditions may visit SDSC SHAR website and follow the application procedure as stated.

21. इस विज्ञापन में उल्लेखित आवश्यकताओं को पूर्ण करने में असमर्थ एवं अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। **जिन अभ्यर्थियों ने समान पद हेतु एक से अधिक आवेदन किए है, उनमें से केवल अंतिम ऑनलाइन आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।**/Applications that are not in conformity with the requirements indicated in this advertisement and incomplete applications will not be entertained.**Only the last online application will be considered as final for those applying more than once for the same post.**

22. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./आ.नि.व. अभ्यर्थियों को सामान्य पद हेतु दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। य़दि वे सामान्य पद की शर्तों को पूरा करते हैं तो उन्हें सामान्य पद हेतु भी विचार किया जाएगा। उन्हें डुपलिकेट आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है। **SC/ST/OBC/EWS candidates need not to apply once again for General post. Their candidature will be considered for general post also if they meet the candidature of the General post. No need to apply in duplicate.**

23. लिखित परीक्षा स्थान/ केंद्र उचित समय पर सूचित किया जाएगा।/ Written Test venue/centre will be intimated in due course.

24. यथा निर्णय, सभी या किसी पद को न भरने का अधिकार एसडीएससी शार के पास सुरक्षित है।उपर्युक्त दर्शायी गई रिक्तियों की संख्या अस्थाई हैं एवं वास्तविक आवश्यकता ओं के आधार पर उनमें परिवर्तन किया जा सकता है।/SDSC SHAR reserves the right not to fill up all or any of the posts, if it so decides. The number of vacancies indicated above are provisional and may vary depending on the actual requirements.

25. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते है। / Only Indian Nationals need to apply.

26. किसी भी प्रकार के अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। / No interim correspondence will be entertained.

27. **किसी प्रकार की सिफारिश अनर्हक होगी। / Canvassing in any form will be a disqualification.**

28. **यदि इस अधिसूचना के हिंदी संस्करण की विवेचना के फलस्वरूप किसी प्रकार की / का अस्पष्टा / विवाद उत्पन्न होता है तो ऐसी दशा में अंग्रेजी संस्करणमें प्रकाशित विस्तृत अनुदेशों को अंतिम माना जाएगा । In case of any ambiguity/dispute arises on account of interpretation of Hindi version of this notification, instructions detailed in the English version shall be final.**

आवेदन कैसे करें/ **How to apply**:

- **केवल ऑनलाइन** आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।/Applications will be received **on-line only.**

- आवेदन हेतु ऑनलाईन पंजीकरण एसडीएससी शार की वेबसाईट पर **23.11.2019 (1000 बजे) से 13.12.2019 (1700 बजे)** के बीच उपलब्ध रहेगा।/The application for on-line registration will be hosted in the SDSC SHAR website between **23.11.2019 (1000 hours) and 13.12.2019(1700 hours)**.

- इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन आवेदन 23.11.2019 (1000 बजे) से 13.12.2019 (1700 बजे) के बीच हमारी वेबसाइट **https://www.shar.gov.in** या **https:/apps.shar.gov.in** पर पंजीकृत कर सकते है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि पंजीकरण से पहले वेबसाइट पर प्रदर्शित निर्देशों को देख लें।/ Interested and eligible candidates may visit our website at **https://www.shar.gov.in (or) https://apps.shar.gov.in** to register their applications on-line between 23.11.2019 (1000 hours) and 13.12.2019 (1700 hours). Before registering, the candidates are advised to go through the instructions displayed on the website.

- पंजीकरण के उपरांत, आवेदकों को एक **ऑनलाइन पंजीकरण संख्या** प्रदान की जाएगी जिसे भविष्य के संदर्भों हेतु संरक्षित रखी जाए। आवेदन में आवेदक का **ई-मेल आईडी** तथा **मोबाइल संख्या** देना **अनिवार्य** है।/Upon registration, applicants will be provided with an **on-line Registration Number**, which should be carefully preserved for future reference. **E-mail ID and Mobile Number** of the applicant are to be furnished in the application **correctly** and **compulsorily.**

- **अभ्यर्थियों को प्रमाणित प्रतिलिपि भेजने की आवश्यकता नहीं है। परंतु, केंद्रीय/ राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम /स्वायत्त निकाय के अंतर्गत नियोजित आवेदकों को बिना चूक के ऑनलाईन आवेदन के साथ "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" की प्रति, जिसके पृष्ठ भाग पर नाम, आवेदित पद एवं पंजीयन संख्या को विधिवत अंकित कर ऑनलाईन आवेदन के पंजीयन के 10 दिनों के अंदर तथा किसी भी हाल में 23.12.2019 से पूर्व साधारण डाक द्वारा इस पते पर भेजा जाना चाहिए:**

  प्रशासनिक अधिकारी
  भर्ती अनुभाग
  सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार
  श्रीहरिकोटा- 524124
  श्री पोट्टि श्रीरामुलु नेल्लूर जिला, आं.प्र.

  **Candidates are not required to send the confirmatory copy. However, the on-line application has to be invariably followed up with a copy of "No Objection Certificate'' from the employer concerned in respect of those applicants who are employed under Central/State Government/Public Sector Undertakings /Autonomous Bodies, duly indicating the name, the post for which applied/Post No. and Regn. No. on the reverse of the NOC and which should be sent within 10 days of registering the on-line application and in any case not later than 23.12.2019 by ORDINARY POST to:**

  Administrative Officer
  Recruitment Section
  Satish Dhawan Space Centre SHAR
  SRIHARIKOTA-524 124
  SPSR Nellore Dist, AP.

**प्रमुख तिथियां/ Important Dates to Remember**:

- **ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ तिथि**
  **Opening Date for On-line Registration : 23.11.2019 (1000 Hours)**
- **ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि**
  **Closing Date for On-line Registration : 13.12.2019 (1700 Hours)**

**अपने आवेदन की स्थिति से संबंधित अद्यतन जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट https://www.shar.gov.in या https://apps.shar.gov.in देखें।**

**VISIT OUR WEB-SITE https://www.shar.gov.in** (or) **https://apps.shar.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION**

इसरो/एसडीएससी शार में शामिल होकर अपना कैरियर बनाएँ
प्रतिभावान वैज्ञानिक समुदाय के साथ अपना ज्ञान साझा करें
राष्ट्रीय विकास में सहभागी बनें
Join ISRO/SDSC SHAR and shape your career.
Share your knowledge with talented scientific community.
Support in National Development.